आकाशवाणी, रांची

Email-rnuairranchi@gmail.com

विज्ञापन सं0– RAN/RNU/BROADCAST ASSISTANT(1)/2025 दिनांक–06.03.2025

कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी रांची द्वारा प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रांची में आकस्मिक प्रसारण सहायक (Casual Broadcast Assistant) का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। योग्यता संबंधी विवरण इस प्रकार हैं–

श्रेणी/पद	अनिवार्य योग्यता/ शैक्षणिक योग्यता	आयु	आवेदन शुल्क (बैंक ड्राफट के माध्यम से)
आकस्मिक प्रसारण सहायक Casual Broadcast Assistant	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक और रेडियो प्रोडक्शन में डिप्लोमा 3 वर्ष के कार्य अनुभव के साथ । हिन्दी और अंग्रेजी में कार्य करने की दक्षता । साउंड एडिटिंग का ज्ञान कम्प्यूटर पर हिन्दी और अंग्रेजी के विभिन्न फांट में टाइपिंग का ज्ञान	21 से 50 वर्ष (विज्ञापन प्रकाशन की तारीख को 21 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिए)	सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए– 354/- (300+18% GST) SC/ST/OBC के उम्मीदवारों के लिए– 266/- (225+18% GST)

नोट–पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन–पत्र 26 मार्च 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे ।
आवेदन–पत्र और अन्य विवरण www.newsonair.gov.in के Vacancies सेक्शन या प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रांची के X हैंडल @airnews_ranchi से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

6-3-25

उप महानिदेशक (अभियंत्रण) सह कार्यालय प्रमुख

आकस्मिक प्रसारण सहायक के आवेदकों के लिए आवश्यक सूचना–

(क) पैनल की चयन प्रकिया लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा के आधार पर पूरी की जाएगी । लिखित परीक्षा का प्रश्न–पत्र 50 अंकों का होगा जिसमें अभ्यर्थी के सामान्य ज्ञान और सामान्य सचेतता की जांच की जाएगी । प्रायोगिक परीक्षा/पेशेवर दक्षता परीक्षा–100 अंकों की होगी जिसमें अभ्यर्थियों के कम्पयूटर के ज्ञान संबंधी जानकारी और विभिन्न प्रकार के ऑडियो फाईल की एडिटिंग और रिकॉर्डिंग की परीक्षा की जाएगी । लिखित परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करनेवाले अभ्यर्थियों को ही प्रायोगिक परीक्षा/पेशेवर दक्षता परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा ।

(ख) यह पैनल आकस्मिक और असाइनमेंट के आधार पर कार्य के लिए होगा ।

(ग) पैनल में चुने जाने पर अभ्यर्थी को आकाशवाणी में नियमित नौकरी का दावा करने का अधिकार नहीं होगा ।

(घ) परीक्षा में मेधा सूची के आधार पर पैनल के लिए चयन किया जाएगा ।

(ड) परीक्षा शुल्क के लिए बैंक ड्राफट–PRASAR BHARATI (BCI), ALL INDIA RADIO, RANCHI के नाम से देय होगा ।

आवेदन की अंतिम तिथि–26 मार्च 2025

परीक्षा शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन–पत्र केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से ही भेजें । आवेदन करते समय लिफाफे के उपर–*आकस्मिक प्रसारण सहायक के लिए आवेदन* अवश्य लिखें ।

आवेदन भेजने का पता–

उप महानिदेशक (अभियंत्रण) सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातूरोड, रांची–834001

आवेदन–पत्र और अन्य विवरण www.newsonair.gov.in के Vacancies सेक्शन या प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रांची के X हैंडल @airnews_ranchi से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

—

प्रसार भारती
(भारत का लोकसेवा प्रसारक)
आकाशवाणी, रांची

असाईनमेंट के आधार पर आकस्मिक प्रसारण सहायक (Casual Broadcast Assistant) के लिए आवेदन–प्रपत्र

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : ....
   (अंग्रेजी में) : ....

आवेदक का फोटो

2. पिता का नाम : ....
3. जन्म तिथि : ....06 मार्च 2025 को उम्र..................
4. लिंग (महिलीा/पुरुष) : ....
5. श्रेणी (सामान्य/एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी.)..
6. आधार संख्या ....
7. शैक्षणिक योग्यता–..
   ....
   ....
8. कम्प्यूटर/तकनीकी ज्ञान..
9. कार्य अनुभव ....
10. पत्राचार का पता ....
    ....
    ....
11. मोबाईल नंबर..ईमेल आईडी..
12. आवेदन शुल्क/बैंक ड्रापफट का विवरण..

अभ्यर्थी हेतु आवश्यक शर्तें–

1. आकस्मिक प्रसारण सहायक हेतु अभ्यर्थी की उम्र 06 मार्च 2025 को 21 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
2. रांची नगर निगम क्षेत्र में निवास करनेवाले अभ्यर्थियों के ही आवेदन–पत्र स्वीकार किए जाएंगे ।
3. शैक्षणिक, आयु, अनुभव, जाति एवं पता संबंधी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करें ।
4. आवेदन–पत्र–*उप महानिदेशक (अभियंत्रण) सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातूरोड, रांची–834001* को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट डाक से ही भेजें
5. सामान्य अभ्यर्थी हेतु परीक्षा शुल्क–354/– (तीन सौ चौबन मात्र) और एससी, एसटी, ओबीसी अभ्यर्थी हेतु परीक्षा शुल्क–266/– (दो सौ छियासठ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करें ।

घोषणा

मैं यह घोषित करता/करती हूं कि आवेदन–पत्र में दी गयी सूचना पूर्णतः सत्य है । मैं यह भी घोषित करता/करती हूं कि यदि मेरी कोई सूचना गलत, असत्य अथवा भ्रामक पायी जाती है तो चयनित होने की स्थित में भी मुझे पैनल से हटा दिया जाय ।

मैंने यह भली–भांति समझ लिया है कि यह नियमित सरकारी सेवा नहीं है और न ही नियमितीकरण के लिए भविष्य में मेरा कोई दावा मान्य होगा ।

मैंने यह भी समझ लिया है कि आवेदित पैनल के लिए चयनित होने की स्थिति में मुझे आकाशवाणी केंद्र की आवश्यकतानुसार समय–समय पर असाईनमेंट के आधार पर अनुबंधित किया जाएगा ।

मुझे यह भी ज्ञात है कि मेरा कार्य व्यवहार संतोषजनक नहीं होने पर मुझे पैनल से कभी भी हटाया जा सकता है ।

आवेदक का हस्ताक्षर